**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3016**
**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत निधियां**

**3016. श्री शफी परम्बिल:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्येक राज्य को राज्य-वार आवंटित/जारी निधियों की कुल राशि कितनी है;
(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य-वार जारी किए जाने हेतु लंबित निधि की कुल राशि कितनी है; और
(ग) क्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लंबित निधि जारी करने में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उनकी वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और उपलब्ध संसाधनों के अध्यधीन, स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

राज्यों से उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संसाधन सीमा के साथ-साथ मौजूदा मानदंडों को ध्यान में रखते हुए अनुमोदन प्रदान किए जाते हैं। एनएचएम के तहत धनराशि जारी करना राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा इस संबंध में निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन होता है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जारी की गई राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार धनराशि अनुलग्नक में दी गई है।

अनुलग्नक

## वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केंद्रीय निर्गत

(करोड़ रुपए में)

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2023-24 |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 37.84 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,096.01 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 404.55 |
| 4 | असम | 2,257.06 |
| 5 | बिहार | 2,032.95 |
| 6 | चंडीगढ़ | 30.58 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 875.80 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 39.92 |
| 9 | दिल्ली | 150.54 |
| 10 | गोवा | 48.97 |
| 11 | गुजरात | 1,506.96 |
| 12 | हरियाणा | 524.01 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 470.36 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 805.22 |
| 15 | झारखंड | 958.06 |
| 16 | कर्नाटक | 1,187.60 |
| 17 | केरल | 189.15 |
| 18 | लद्दाख | 120.44 |
| 19 | लक्षद्वीप | 3.79 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 2,545.68 |
| 21 | महाराष्ट्र | 2,729.30 |
| 22 | मणिपुर | 169.12 |
| 23 | मेघालय | 261.39 |
| 24 | मिजोरम | 134.42 |
| 25 | नागालैंड | 184.84 |
| 26 | ओडिशा | 1,901.77 |
| 27 | पुदुचेरी | 30.80 |
| 28 | पंजाब | 91.49 |
| 29 | राजस्थान | 2,785.46 |
| 30 | सिक्किम | 68.17 |
| 31 | तमिलनाडु | 1,996.06 |
| 32 | तेलंगाना | 564.93 |
| 33 | त्रिपुरा | 264.31 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 4,928.14 |
| 35 | उत्तराखंड | 711.33 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 890.42 |

नोट:

1. उपरोक्त जारी धनराशि केन्द्र सरकार के अनुदान से संबंधित है तथा इसमें राज्य का अंशदान शामिल नहीं है।

******